# काणदरा के युवराज सिंह को बारहवीं कला में 96.60 अंक

**पाली**, (नि.स.)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (आरबीएससी) की ओर से 12वीं के आटर्स का रिजल्ट गुरुवार दोपहर को जारी किया गया। पाली का रिजल्ट 92.88 रहा। आटर्स में लड़कियों ने बाजी मारी। लड़कियों का रिजल्ट 93.81 और लड़कों का रिजल्ट 91.94 रहा। परीक्षा देने के लिए 17 हजार 372 ने पंजीयन करवाया था। 17 हजार 84 स्टूडेंट परीक्षा देने बेठे। जिसमें 15 हजार 868 पास हुए। बच्चों के अच्छे अंक होने पर परिजन उनका मुंह मीठा करवाते नजर आए। मोहल्लेवासियों और रिश्तेदार भी बधाइयां दी।

(94.40) जीनू राठौड़ पुत्री अनोपकंवर-देवीसिंह राठौड़, राउमाधि इंदरवाड़ा (रानी) (92) ईशा पुत्री श्यामलाल राखेचा, लोढ़ा स्कूल पाली (96.60) युवराजसिंह सोनिगरा पुत्र प्रकाशकंवर-विक्रमसिंह, महामना मालवीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल, शेखावत नगर, पाली (90.40) दिनेश पुत्र गीतादेवी-खेताराम सीरवी, राउमाधि झीतड़ा (रोहट) (96) कविता कुमारी पुत्री सन्तोष देवी-मालाराम राउमावि गुडा जाटान (90.20) पूजा-सुखीदेवी-नथाराम, राउमावि गुडा जाटान (90.20) समीक्षा पुत्री लता-हेमराज अंखोलिया, इम्मानुएल स्कूल मारवाड़ जंक्शन।

बता दें कि प्रदेशभर के 7 लाख 19 हजार 838 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। प्रदेश के रिजल्ट में भी लड़कियों ने बाजी मारी है। 94.60 प्रतिशत छात्राएं पास हुई हैं, जबकि छात्रों का पास प्रतिशत 90.65 रहा है। इस हिसाब से छात्रों के मुकाबले 4 ज्यादा बेटियां पास हुई हैं।

शिक्षा विभाग ने वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा का भी रिजल्ट जारी किया। इसमें प्रदेशभर के 56 हजार 14 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 12 आट्र्स के साथ वरिष्ठ उपाध्याय का रिजल्ट स्टूडेंट्स माध्यमिक शिक्षा बोड की ऑफिशियल वेबसाइट पर हैं।

## बाप ब्लॉक में पंकज (97.60) टॉपर



पंकज कुमार

**बाप**, (निसं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा गुरूवार को जारी किये गए 12वीं कला वर्ग के रिजल्ट में बाप कस्बे में संचालित ज्ञान ज्योति उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र पंकज कुमार पुत्र पेमाराम ने 97.6० अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

छात्र के गांव सहित विद्यालय में खुशी का माहौल है। इसी विद्यालय की छात्रा मंजू पुत्री किशनाराम सुथार को 90.20 अंक मिले। ज्ञान ज्योति शिक्षण संस्थान निदेशक सुरेश सियाग ने बताया कि पंकज शुरू से ही मेधावी छात्र है।

आज कला वर्ग में रिकॉर्ड 97.60 अंक लाकर समूचे बाप क्षेत्र में अपना परमच लहरा दिया। पंकज छोटे से गांव भींवजी का गांव का रहना वाला है। विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। ज्ञान ज्योति के प्रधानाचार्य शिक्षाविद राधेश्याम खत्री, सेवा निवृत एसीबीओ बुधराम सिया?, सुरेश सिया?, बाप नगरपालिका अध्यक्ष लीलादेवी जगदीशजी पालीवाल, सीबीइओ मनफूल सिंह, मांगीलाल सारण, महेश होपारढ़ी, मांगीलाल पालीवाल, अबदेश मीणा, महेश सारण, सुबेदार टीकुराम भील, एडवोकेट मदन शर्मा, एडवोकेट रवि पालीवाल, धर्मचन्द तंवर, लक्ष्मी चन्द कुमावत, सुरेश खत्री, विजय कुमावत, महेंद्र खत्री ने बधाई देते खुशी जाहिर की। राबाउमावि बाप के प्रधानाचार्य पप्पुराम गोदारा ने बताया कि 90फीसदी से ऊपर 2 छात्राएं, 75 फीसदी से ऊपर 3० ता .60 फीसदी से ऊपर 64 छात्राएं है। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। छात्रा चंचल माली 91.6० प्रतिशत, पूजा विश्नोई 91.40 प्रतिशत, हिमांशी तंवर 89.60 प्रतिशत अंक आये। राजनीति विज्ञान में 3 छात्राओं को 100अंक मिले।

12वीं कला वर्ग के परिणाम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जाम्बा की ढाणी की छात्राओं ने सर्वोत्तम परिणाम देकर अपना लोहा मनवाया वहीं। जाम्बा ढाणी विद्यालय के प्रधानाचार्य महिपाल सिंह सारण ने कक्षा 12वीं में कला वर्ग के 4 छात्र-छात्राओं ने जिसमें पूजा ने 92 प्रतिशत, जयप्रकाश ने 92 प्रतिशत, रवीना ने 91.2० प्रतिशत तथा महेंद्र ने 9० प्रतिशत अंक हासिल किए। कुल 89 विद्यार्थियों में से 44 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए है। विद्यालय का परिक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य सारण सहित बुधाराम क?वासरा, उत्तम चंद गर्ग, डॉ. इन्द्रदान चारण, शैतानसिंह, पेमाराम सियाग, बाबूराम ईशरवाल, डॉ. हरिराम आदि ने खुशी जताई।

## होनहर कल्पेश कुमावत का अभिनंदन किया

**जालोर**, (कासं)। हाल ही में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणामों की सूची जारी की थी ।जिसमें जालौर के कल्पेश कुमावत ने संपूर्ण राजस्थान में विज्ञान संकाय मे सातवां स्थान एवं जोधपुर संभाग में प्रथम तथा जालोर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

भारतीय जनता युवा मोर्चा जालौर नगर मंडल अध्यक्ष दिलीप भट्ट ने बताया कि कल्पेश कुमावत मूलतः जालौर के ही निवासी है। इनके पिताजी कैलाश कुमावत का ग्रेनाइट व्यवसाय है। इन्होंने घर पर रहकर ही पढाई की एवं इतने अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए । इस शानदार परिणाम को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में कल्पेश कुमावत के निवास स्थान पर जाकर साफा पहनाया तथा मुंह मीठा कर भारत माता की तस्वीर भेंट की।

इस दौरान कल्पेश कुमावत ने कहा कि मैं आगे भी इसी तरह परीक्षा परिणामों के लिए मेहनत करता रहूंगा तथा क्षेत्र का नाम रोशन करूंगा।

इस दौरान जिला सोशल मीडिया प्रभारी चंद्रकांत सुंदेशा, नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश सोलंकी, वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर भादरु, भाजयुमो जिला कोषाध्यक्ष हेमेंद्रसिंह बगेड़िया, नगर मंत्री महेंद्र राठौड, महेंद्र सिंह सहित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जीर्णोद्धार महोत्सव की तैयारी जोरों पर



**आहोर में बाबा रामदेव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर प्रेसवार्ता की।** फोटो-राष्ट्रदूत

**आहोर**, (निसं)।आहोर कस्बे में लोक देवता बाबा रामदेव मंदिर जीर्णोद्धार प्रतिष्ठा महोत्सव की व्यवस्थाओं को लगभग अंतिम रूप दिया जा चुका है।

यह जानकारी महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष बंशीसिंह चौहान ने यहां आयोजित प्रेसवार्ता में दी। चौहान ने बताया कि आहोर कस्बे में तकरीबन चार सौ साल पुराने रामदेव मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है। इसके बाद कस्बे के सभी नागरिकों ने मंदिर जीर्णोद्धार प्रतिष्ठा आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

महोत्सव कमेटी ने बिना किसी भेदभाव के कस्बे में रहने वाले करीब 6 हजार घरों में प्रतिष्ठा महोत्सव के मंगल किट वितरित किए गये।

कमेटी ने मंगल किट वितरण करने की शुरुआती पहल वाल्मीकि समाज से की, ताकि आहोर कस्बे में होने इस प्रतिष्ठा महोत्सव में अपनाया गये सामाजिक समरसता का संदेश आम आवाम तक पहुंचे। चौहान ने कहा कि 27 मई को शोभायात्रा के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा और 29 मई को मूर्ति स्थापना की जाएगी। इस दौरान 27 से 29 मई को भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें ख्यातनाम कलाकारों की ओर से भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। महोत्सव में संत महापुरुषों के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

प्रेसवार्ता में गोमाराम चौधरी, हरिशंकर रावल, धर्मेन्द्र कुमार, पीथाराम मेघवाल, नंदलाल दवे, रमेश दवे सहित कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

# एन.डी.आर.एफ. ने आपदा से बचाव के तरीके बताए



**नेशनल डिजास्टर रेस्पॉन्स फोर्स के दल ने लाखोटिया तालाब में बाढ़ का काल्पनिक दृश्य घटित कर जीवन बचाने के तरीकों की दी जानकारी दी।** फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। नेशनल डिजास्टर रेस्पॉन्स फोर्स (एन.डी.आर.एफ. ) ने गुरुवार अलसुबह लाखोटिया तालाब में बाढ़ का काल्पनिक दृश्य घटित कर मॉकड्रिल की । एनडीआरएफ दल द्वारा मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपदा के समय मानव जीवन बचाने को लेकर आमजन को जागरूक करना था ।

जिला कलेक्टर नमित मेहता के निर्देशानुसार मॉकड्रिल से जुड़े संबधित विभागों ने आवश्यक सामग्री व व्यवस्था करना सुनिश्चित किया।

रेस्क्यू दल ने बाढ आने पर या बाढ़ जेसे हालात होने पर किये जाने वाले बचावकार्यो / मॉक अभ्यास का सफल प्रदर्शन किय।

दल द्वारा अपने साथ लाये गये बाढ बचाव संबंधित उपकरणों, नावो एवं विभिन्न प्रकार के तरीको से पानी मे डूब रहे लोगों को बचाने का प्रभावी व उच्च स्तर का प्रर्दशन किया गया।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर चन्द्रभान सिंह भाटी ने मॉकड्रिल के पश्चात संबोधित करते हुए कहा कि आपदा किसी भी समय आ सकती हैं इसके लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ दल के साथ ही आमजन को भी जागरूक रहते हुए घरेलू तरीको से आपदा में कम नुकसान व जीवन बचाने को लेकर तत्पर रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ दल कुशल व बेहतर प्रशिक्षित होते हैं । वे निरतंर अभ्यास से आपदा के समय क्विक रेस्पॉन्स देते हैं ।

उन्होंने मॉकड्रिल कर बचाव का लाईव डेमो देने पर सराहना करते हुए हौसला अफजाई की।

इस अवसर पर आरआरसी इंचार्ज योगेश कुमार मीणा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मॉकड्रिल के दौरान एडीएम सीलिंग जब्बर सिंह, नगर परिषद आयुक्त पूजा सक्सेना, पुलिस उपाधीक्षक अनिल सारण, सीएमएचओ इन्द्रसिंह, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी रविन्द्र वैष्णव, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन दिलीप परिहार, विद्युत विभाग के एक्सईएन मनीष माथुर, स्काउट गाइड सीओ गोविंद मीणा सहित एनडीआरएफ, सिविल डिफेंस के वरिष्ठ अधिकारी व होमगार्ड , मेडिकल व फायर बिग्रेड दल मौजूद रहे।

## तम्बाकू निषेध मुक्त राजस्थान पर चर्चा की

**रानी**, (निसं)। युवाओं को नशें से दूर रखना तथा निरोगी राजस्थान अभियान के तहत तम्बाकू मुक्त राजस्थान के क्रम में 25 से 31 मई तक प्रस्तावित विश्व तम्बाकू निषेध सप्ताह के आयोजन को लेकर रानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में रानी उपखंड अधिकारी सुबोध सिंह चारण के सानिध्य में बैठक का आयोजन किया।

इस मौके पर रानी उपखंड अधिकारी सुबोध सिंह चारण ने कहा कि कोटपा -2023 का प्रभावी क्रियान्वयन तथा सार्वजनिक स्थानों व विधालयो में तंबाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर युवा पीढी को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनानें के लिएं कोटपा -2023 के तहत कार्यवाही व जागरूकता के कार्य किये जा रहें हैं तथा आगामी 25 से 31 मई के दौरान संचालित होने वाले विश्व तम्बाकू निषेध सप्ताह के सफल आयोजन के लिए विभिन्न स्तरों पर गतिविधियों का संचालन किया जायेंगा।

रानी मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ ओजस रावल ने कहां कि रानी के समस्त सार्वजनिक स्थानों व शिक्षण संस्थानों को अतिशीघ्र तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाया जायेगा।

# कुम्हार महाकुंभ जयपुर में जाने की तैयारी पर चर्चा की



**28 मई को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में होने वाले कुम्हार प्रजापति समाज महाकुंभ को लेकर धोरीमन्ना में बैठक का आयोजन किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**धोरीमन्ना**, (निसं)। धोरीमन्ना में गुरुवार को समाजसेवी एवं किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष भीखाराम प्रजापत ने चौहटन विधानसभा क्षेत्र बाडमेर गुडामालानी विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर 28 मई को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में कुम्हार प्रजापति समाज महाकुंभ को लेकर पीले चावल बांटकर व जनसम्पर्क कर तैयारियो का जायजा लिया।

भीखाराम प्रजापत ने बताया कि धोरीमना क्षेत्र में समाज के लोग ट्रेन,बसो व छोटे बड़े अपने अपने निजी संसाधनों द्वारा महाकुंभ में हजारों की संख्या में भाग लेंगे।

इस दौरान पूर्व सरपंच भगाराम, भोभरिया गोडा राम, राम भाई, मालाणी के पंच सुखराम भोभरिया, आरवा जालोर नेनाराम, लिंबा गंगासरा उमेदाराम टाक, नारणाराम भोभरिया धोरीमना, पूरखाराम टाक गोडा, हुकमाराम प्रजापत धोरीमना, कानाराम प्रजापत पिपराली हनुमाना राम गुरिया भूणिया गिरधारी राम प्रजापत लोहारवा अमृत लाल अध्यापक भोभरिया सहित बड़ी संख्या में प्रजापति समाज के लोग उपस्थित रहे।

## बाप में आंधी से 75 पोल को नुकसान

**बाप**, (निसं)। बाप क्षेत्र में बुधवार शाम से देर रात तक धूल भरी आंधी चलती रही। इसके साथ कुछ गांवों में हल्की बौछारे भी गिरी, लेकिन धूल भरी आंधी के आगे वे बेसर रही। आंधी से पेड़ पौधे सहित विद्युत खंभे गिर गए। बीते दस दिनों में दुसरी बार आंधी तेज आंधी से डिस्कॉम को फिर आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा।

वही विद्युत तंत्र प्रभाावित होने की वजह से कई गांवों में बिजली बंद रही, जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। कृषि कनेक्शन लाइनों की फीडरों के पोल गिरने से किसानों की चिंता बढ गई है। किसानों ने कहा कि डिस्कॉम ने पोल जल्द नये नहीं लगाये तो उन्हे काफी नुकसान होगा। डिस्कॉम के कनिष्ठ अभियंता महिराम ने बताया कि अधिकांश गांवों में विद्युत लाइन बहाल कर दी गई है। गिर कर टूटे विद्युत पोलो की जगह नये पोल लगाये जा रहे है।

उल्लेखनीय है कि 15 मई को भी तेज अंधड़ से 80 से ज्यादा पोल गिर गए थे।

## कोयले से भरा ट्रक पलटा, चालक घायल

**पिंडवाड़ा**, (निसं)। पिण्डवाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के सिरोही पिंडवाडा फोरलेन हाईवे मार्ग के आरासना गांव भोजराई नाडी के पास कोयले से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे चालक घायल हो गया। पुलिस पहुंची मौके पर क्रेन की मदद से ट्रक को एक तरफ कर ट्रैफिक सुचारू करवाया।

जानकारी के अनुसार मोकललाल पुत्र गोकुल लाल निवासी कपासन चित्तौडगढ गुजरात कांडला से ट्रक में कोयला भरकर अल्ट्राटेक सीमेंट पिंडवाडा के लिए आ रहा था। सुबह 9 बजे करीब सिरोही होते हुए फोरलेन हाईवे होते हुए वीरवाडा गांव के पास पहुंचा ही था। बामनवाडजी के पास सडक के बीचो बीच बने डिवाइडर से टकराकर ट्रक पलट गया। बीच रास्ते ट्रक पलटने हाईवे रास्ता जाम हो गया। इस दुर्घटना में ट्रक चालक गंभीर घायल हो गया। मौके पर लोगों की भारी भीड जमा हो गई। वहीं मौजूद लोगों ने ट्रक में फंसे चालक को बाहर निकाला और दुर्घटना की खबर पुलिस थाने को दी। घायल चालक के उपचार के लिए 108 एंबुलेंस को कॉल किया।

# पत्नी की हत्या के आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा

**जालोर**, (कासं)। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जालोर महेश कुमार ने गुरूवार को पत्नी की हत्या करने के आरोपी पति कालूराम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

प्रकरण के अनुसार केवलराम पुत्र रघाराम चौधरी निवासी भोरडा ने भाद्राजून पुलिस थाना में मामला दर्ज कर बताया कि मेरी बहन हंजादेवी की शादी करीब बीस साल पहले कालूराम पुत्र उदाराम चौधरी निवासी रमणिया तहसील सिवाणा जिला बाड़मेर के साथ हुई थी। जो मेरी बहन वर्तमान में भोरडा गांव में ही अपना मकान खरीदकर परिवार सहित रहती है। 9 जून 2019 को शाम के समय मेरे बहन व बहनोई कालूराम अपने घर पर ही थे तथा उनके बच्चे मेरे घर पर टीवी देखने आये थे ,इसलिए वे वही सो गये। रात्रि में मेरे बहन व बहनोई के बीच आपस में किसी बात को लेकर झगड़ा होने पर मेरे बहनोई कालूराम ने कुल्हाडी से वार कर मेरी बहन का गला काट दिया। जिससे मेरी बहन हंजा देवी की मौत हो गई। सुबह जब मेरी भाणजी धर्मो कुमारी घर गई तो घर में मेरी बहन हंजा देवी की लाष देखकर वापस मेरे पास आई तथा घटना की बात बताई। तब मै वहा पहुंचा तथा पुलिस व गांव के लोगो को सूचना दी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जालोर ने सजा सुनाई

पुलिस ने अनुसंधान के दौरान पाया कि कालूराम चौधरी निवासी रमणिया जिला बाड़मेर शादी के कुछ समय बाद हत्या के आरोप में जेल चला गया। तब उसकी पत्नी हंजा देवी अपने बच्चो को लेकर अपने मायके भोरडा आ गयी। तथा यही रहकर मेहनत मजदूरी कर अपने बच्चों का भरण पोषण करने लगी। घटना के करीब पांच छह माह पहले आरोपी कालूराम सजा पूरी होने पर जेल से रिहा होकर घर आया। तब कालूराम को हंजादेवी ने अपने साथ भोरडा में ही रखा। कालूराम घर पर ही रहता था तथा कही बाहर मजदूरी पर नही जाता था। हंजा देवी ही मेहनत कर अपने परिवार का भरण पोशण कर रही थी। 9 जून 2019 को कालूराम ने हंजा देवी से रूपये मांगे। रूपये हंजादेवी के पास नही होने पर उसने झगडा किया तथा बच्चे डर के मारे अपने मामा के घर भाग गये। पीछे से कालूराम ने कुल्हाडी से वार कर अपनी पत्नी हंजा देवी की हत्या कर दी। पुलिस ने बाद अनुसंधान आरोप पत्र एडीजे जालोर में प्रस्तुत किया।

एडीजे जालोर महेश कुमार ने दोनो पक्षो की बहस सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद कालूराम को अपनी पत्नी हंजा देवी की हत्या करने का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सरकार की और से पैरवी लोक अभियोजक रमेश सोलंकी ने की।

# पांडुलिपियां बौद्धिक सम्पदा है : प्रो. पांजा

**जोधपुर**, (कासं)। आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर ने मानव संसाधन विकास केन्द्र (सीएचआरडी) द्वारा आयुर्वेद मैनुस्क्रिप्टॉलोजी- ए न्यू होराईजन फॉर रिसर्च विषय पर एक ऑनलाईन व्याख्यान आयोजित किया।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानित विश्वविद्यालय) जयपुर में मौलिक सिद्धान्त विभाग के प्रोफेसर एवं आयुष मन्त्रालय, भारत सरकार के आयुर्वेद मैनुस्क्रिप्टॉलोजी ईकाई के नोडल ऑफिसर डॉ. असित पांजा द्वारा दिये गये इस व्याख्यान में उन्होंने मैनुस्क्रिप्टस् के बारे में मौलिक जानकारी देते हुए इनमें उपलब्ध गूढ ज्ञान पर शोध किये जाने के सम्बन्ध में विस्तार से बताया। विश्व स्वास्थ्य संगठन से सम्बद्ध रहे आयुर्वेद विशेषज्ञ प्रो. पांजा ने बताया कि पाण्डुलिपियां किसी देश या समाज के उन्नत ज्ञान की बौद्धिक सम्पदा है। जिसका संरक्षण किया जाना अत्यावश्यक है। आयुर्वेद विज्ञान एक अत्यन्त प्राचीन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विज्ञान है। इस विज्ञान से सम्बन्धित वर्तमान काल में उपलब्ध प्राचीन ग्रन्थों की संख्या बहुत ही कम है। इनमें से कई पाण्डुलिपियों की स्थिति समुचित रखरखाव न होने से बहुत ही खराब है। अतः इनको इन संस्थाओं अथवा व्यक्तियों से पूरे गरिमामय एव विधिसम्मत माध्यम से प्राप्त किया जाकर समुचित संरक्षण करते हुए इनका प्रकाशन किया जाना आवश्यक है। प्रो. पांजा ने बताया कि वर्तमान में उपलब्ध सरकारी आंकड़ों के अनुसार समुचित रूपेण संरक्षित पाण्डुलिपियों की संख्या 143746 है। एक अनुमान के अनुसार ये कुल उपलब्ध पाण्डुलिपियों का एक चौथाई भी नहीं है।

इस अवसर पर उपस्थित पोस्ट ग्रैजुएट इन्स्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद के निदेशक प्रो. महेन्द्र शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद विज्ञान से सम्बन्धित पाण्डुलिपियों का संरक्षण किया जाना एवं इन पर अनुसन्धान किया जाना आवश्यक है। मानव संसाधन विकास केन्द्र के निदेशक एवं विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर डॉ राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि उक्त ऑनलाईन व्याख्यान में प्राप्त जानकारी विद्यार्थियों को नवीन शोध हेतु एक नई दिशा प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर न केवल राजस्थान अपितु पंजाब, आसाम, एमपी, महाराष्ट्र, हरियाणा, गुजरात, पंजाब के लोग मौजूद रहे। डीन रिसर्च प्रो. प्रेमप्रकाश व्यास, प्रो. प्रमोद कुमार मिश्रा, प्रो. चन्दन सिंह, प्रो. ए. नीलिमा, रसायनशाला निदेशक डॉ. विजयपाल त्यागी, परीक्षा नियन्त्रक डॉ. राजाराम अग्रवाल, डॉ. राजेन्द्र पूर्विया, डॉ. मनीषा गोयल, डॉ. देवेन्द्र चाहर, डॉ. हरीश सिंघल, डॉ. मनोज अदलखा, डॉ. विष्णुदत्त शर्मा, डॉ. दिनेश राय, डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. मोनिका वर्मा, डॉ. दिनेश चन्द्र शर्मा, डॉ. नरेन्द्र पुरोहित सहित कई जने उपस्थित थे।

## वसनी कुमारी का कोली समाज ने स्वागत किया

**रेवदर**, (निसं)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रेवदर की छात्रा ने अपना परचम लहराते हुए बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

बोर्ड परिणाम में विद्यालय में विज्ञान वर्ग की छात्रा वसनी कुमारी पुत्री भगवानाराम कोली निवासी खाण ने 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व समाज का नाम रोशन किया। जिसको लेकर गुरुवार को कोली समाज जागरूकता मंच सिरोही जालोर की ओर से छात्रा वसनी कुमारी के निवास स्थान खाण में मंच की ओर से शाल व मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। संत नागपुरी महाराज ने आशीर्वचन के रूप में बालिका शिक्षा पर महत्व देने पर जोर दिया।

पूर्व प्रधान मोतीराम कोली ने शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ रहे छात्र-छात्राओं को तन मन धन से सहयोग देने की घोषणा की। मंच अध्यक्ष लक्ष्मण कोली ने बताया कि मंच की मंशा है कि समाज में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

अधिवक्ता रणजीत कोली ने बताया की मंच समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने एवं बालिका शिक्षा पर जोर दे रहा है तथा शिक्षा के स्तर को बढाने के लिए छात्रावास का निर्माण भी किया जा रहा है।

बाहरवीं विज्ञान वर्ग की टॉपर वसनी कुमारी का लक्ष्य आईआईटी में जाना है।

# अवैध डोडा पोस्त बरामद

**बाड़मेर**, (निसं)। बाड़मेर पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत सदर पुलिस थाना क्षेत्र में 3 वाहन, एक आईसर ट्रक, एक ईसूजू गाडी व एक स्कॉर्पियो गाड़ी जब्त कर भारी मात्रा में 22 क्विंटल 63 किलो डोडा पोस्त जिसकी कीमत एक करोड रूपये के करीब आंकी गयी है, बरामद करने में सफलता हासिल की गई है।

एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि बुधवार को रात्री में जिला स्पेशल टीम को मुखबीर से ईतला मिली कि मादक पदार्थ तस्कर एक आईसर ट्रक, एक ईसूजू गाडी व एक स्कॉर्पियो में अवैध डोडा पोस्त भरकर पुलिस थाना सदर बाडमेर के हल्का क्षेत्र सरहद बलाऊ में आने वाले है।ईतला पर डीएसटी टीम प्रभारी एएसआई अमीन खान व सदर थानाधिकारी किशनसिह चारण मय टीम ने सरहद बलाऊ पहूंच नाकाबन्दी की। नाकाबन्दी के दौरान एक आईसर ट्रक, एक ईसूजू गाडी व एक स्कॉर्पियो गाडी आते दिखाई दी जो पुलिस जाब्ता को देखकर गाडयां बाडमेर की तरफ भगाने लगे। जिस पर कोतवाली थानाधिकारी गंगाराम ,ग्रामीण पुलिस थानाधिकारी परबत सिंह व रीको थानाधिकारी चन्द्रसिंह मय टीम को निर्देशित कर पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा मुलजिमान व डोडा पोस्त से भरी गाडयो की तलाश की तो तलाश के दौरान पुलिस को अपने पीछे आते देख तस्कर पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए डोडा पोस्त से भरी तीनो गाड़ियां सरहद अली का तला बलाऊ छोडकर भाग गये। उक्त तीनों गाडयों को दस्तयाब कर गाडयों को चैक किया तो आईसर ट्रक, ईसूजू गाडी व स्कॉर्पियो गाडी में भारी मात्रा में कुल 22 क्विंटल 63 किलो अवैध डोडा पोस्त मिला । बरामद डोडा पोस्त की अनुमानित कीमत करीब एक करोड रूपये आंक गई है। तीनो गाड़ियों व अवैध डोडा पोस्त जब्त कर पुलिस थाना सदर बाडमेर में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार सीमांत जैसलमेर जिले की यात्रा पर पहुंचे सीपी जोशी का गुरुवार को पार्टीजनों के साथ ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया।

जोशी राष्ट्रगीत गायन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से देशवासियों को दिए अमृतकाल के पंच प्रण को लेकर घंटियाली क्षेत्र में आयोजित वंदे सरहद कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहुंचे। केंद्रीय मंत्री और क्षेत्रीय सांसद कैलाश चौधरी भी साथ थे। देवीकोट गांव में जोशी के स्वागत का कार्यक्रम रखा गया। जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश शारदा, जिला प्रमुख प्रतापसिंह सोलंकी, पूर्व विधायक छोटूसिंह भाटी, सांगसिंह भाटी, शैतानसिंह राठौड़, आईदान सिंह भाटी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विक्रमसिंह नाचना, सवाईसिंह गोगली, शंभुदान आदि मौजूद रहे। जोशी का तनोटराय मंदिर में दर्शन के बाद तनोट में रात्रि विश्राम रहा।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मगरा पंचायत समिति, फतेहगढ जिला जैसलमेर**

क्रमांक-ग्रा.प.मगरा/2023-24/19 दिनांक : 15/05/2023

**ई-निविदा सूचना संख्या**

कार्यालय ग्राम पंचायत मगरा में वित्तिय वर्ष 2023-24 में महानरेगाा योजना एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अन्तर्गत करवाये जाने वाले निर्माण कार्यो के लिए उपयोग में ली जाने वाली सामग्री आपूर्ति वार्षिकी दर संविदा पर क्रय करने हेतु वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यमरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा शुल्क, निविदा बेचे जाने तथा खुलने की तारीख, धरोहर राशि, प्रोसेसिंग फीस व निविदा विशिष्टयो आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर तथा कार्यालय समय में कार्यालय में देखा जा सकता है। इच्छूक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

नोटः-कार्यालय ग्राम पंचायत मगरा पंचायत समिति, फतेहगढ जिला जैसलमेर में जमा करवाने होंगें।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मगरा
पं.स. फतेहगढ

सरपंच
ग्राम पंचायत मगरा
पं.स. फतेहगढ

**कार्यालय ग्राम पंचायत भम्भारा पंचायत समिति, फतेहगढ जिला जैसलमेर**

क्रमांक-ग्रा.प.भम्भारा/2023-24/21 दिनांक : 17/05/2023

**ई-निविदा सूचना संख्या**

कार्यालय ग्राम पंचायत भम्भारा में वित्तिय वर्ष 2023-24 में महानरेगाा योजना एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अन्तर्गत करवाये जाने वाले निर्माण कार्यो के लिए उपयोग में ली जाने वाली सामग्री आपूर्ति वार्षिकी दर संविदा पर क्रय करने हेतु वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यमरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा शुल्क, निविदा बेचे जाने तथा खुलने की तारीख, धरोहर राशि, प्रोसेसिंग फीस व निविदा विशिष्टयो आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर तथा कार्यालय समय में कार्यालय में देखा जा सकता है। इच्छूक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

नोटः-कार्यालय ग्राम पंचायत भम्भारा पंचायत समिति, फतेहगढ जिला जैसलमेर में जमा करवाने होंगें।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भम्भारा
पं.स. फतेहगढ

सरपंच
ग्राम पंचायत भम्भारा
पं.स. फतेहगढ